तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 9.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 14 जनवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 आध्यात्मिकता और संस्कृति से जुड़कर ही युवा अपने...



12 शहर में दो दिवसीय फ्लावर शो एवं प्रतियोगिता...



## खबर संक्षेप



### झाल जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए तरुण घृतलहरे

**नांदघाट।** अखिल भारतीय सतनामी कल्याण संघ के अध्यक्ष भूतपूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तरुण घृतलहरे हुए झाल के जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल में संविदा के साथ प्रतिनियुक्ति भर्ती की मांग

**बेमेतरा।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में संविदा भर्ती के साथ-साथ प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भी भर्ती किए जाने की मांग की है। पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश महासचिव दाऊ राम चौहान ने बताया कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत नियमित शासकीय कर्मचारियों के लिए हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के पदों पर संविदा के साथ-साथ प्रतिनियुक्ति के माध्यम से आवेदन करने का प्रावधान है। लेकिन जिला बेमेतरा में केवल संविदा भर्ती ही निकाली गई है, जो शासन के अन्य जिलों की प्रक्रिया से भिन्न है। उन्होंने बताया कि रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, कवर्धा, राजनांदगांव एवं खैरागढ़ जैसे जिलों में संविदा के साथ-साथ प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भी आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस असमानता को दूर करने की मांग को लेकर शिवसेना पार्टी द्वारा जिला कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं एवं जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। पार्टी ने मांग की है कि बेमेतरा जिले में भी संविदा भर्ती के साथ प्रतिनियुक्ति से आवेदन भरने का प्रावधान शीघ्र लागू किया जाए, ताकि योग्य शासकीय कर्मचारियों को अवसर मिल सके।

### पुणे से घर लौट रहे मां-बेटे की सड़क हादसे में मौत

**भिलाई।** पुणे से अपनी बाइक से घर लौट रहे मां बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना नंदिनी थाना क्षेत्र के सहगांव पास हुई। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। शव को पीएम के लिए मरचूरी भेजकर परिजनों को सूचना दी गई है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि बेमेतरा स्थित ग्राम जामगांव निवासी मालती साहू और बेटा राजेन्द्र साहू अपनी बाइक एमएच 50 वाय 6197 में दोनों घर लौट रहे थे। इसके अलावा मालती का पति राजू साहू अन्य बाइक में छोटा बेट बेटा जागेश्वर साहू के साथ बेमेतरा लौट रहे थे। इस बीच दुर्ग में रात का खाना खाने के बाद गृहग्राम के लिए निकले। ग्राम सहगांव नंदिनी के पास बाइक के पहुंचते ही सड़क के पास हाईवा सीजी 25 एम 7574 में राजेन्द्र की बाइक जा भिड़ी। हादसा इतना बड़ा था कि मालती व राजेन्द्र की मौके पर रही मौत हो गई।

### म्यूल खाते मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** म्यूल खाते के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि पदमनाभपुर पुलिस में शिकायत की गई थी कि 20 हजार रुपए का लालच देकर खाते का उपयगोग म्यूल खाते के रूप में किया जाता था। मामले में पुलिस ने सेक्टर 6 भिलाई निवासी फरार विशाल मसीह को गिरफ्तार किया गया। पुलिस इससे पहले लोकेश जाधव, टवन कुमार जाधव, विनय सिंग सेंगर, राजू गायकवाड, अमित मिश्रा को गिरफ्तार कर चुकी है। इनके बयान के बाद म्यूल खातों के कारोबार में शामिल फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपियों के पास से 78 एटीएम, क्रेडिट कार्ड, 21 चेकबुक, 18 पासबुक, 16 अलग अलग कंपनी के सिम कार्ड जब्त किया जा चुका है।

# जमीन की सरकारी दरों में बदलाव को लेकर अटका फैसला, जिले में नहीं हुई मूल्यांकन समिति की बैठक

**महीनेभर बाद भी संशोधन प्रस्ताव तैयार नहीं, नई ऊंची दरों पर रजिस्ट्री कराने को मजबूर लोग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में जमीनों की बढ़ी हुई सरकारी दरों का अब तक कोई पुनरीक्षण नहीं हो पाया है। प्रदेश शासन द्वारा जिलों को नए प्रस्ताव तैयार कर भेजने की जिम्मेदारी सौंपे जाने के बावजूद बेमेतरा जिले में अब तक जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित नहीं हो सकी है। नतीजतन आम नागरिकों को बढ़ी हुई सरकारी दरों पर ही जमीन की रजिस्ट्री करानी पड़ रही है।

इसका सीधा असर न केवल जमीन कारोबार पर पड़ रहा है, बल्कि पंजीयन विभाग के राजस्व लक्ष्य भी बुरी तरह पिछड़ते जा रहे हैं। प्रदेशभर में जमीन की सरकारी दरों में अचानक की गई बढ़ोतरी के बाद विरोध के स्वर उठे थे। इसके बाद शासन ने गाइडलाइन में संशोधन के निर्देश जारी करते हुए सभी जिलों को 31 दिसंबर से पहले बैठक कर प्रस्ताव के आधार पर सुझाव भेजने को कहा था। लेकिन आदेश जारी हुए एक महीने से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी बेमेतरा जिले में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक नहीं हो पाई है।

**दावा-आपत्तियां भेजी गईं, लेकिन निर्णय अधर में-** प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार 31 दिसंबर तक प्राप्त सभी दावा-आपत्तियों को राजधानी भेज दिया गया है, लेकिन जिला स्तर पर संशोधन प्रस्ताव तैयार नहीं होने के कारण अंतिम निर्णय अटका हुआ है। बताया गया है कि पहले अनुविभागीय स्तर पर प्रस्ताव तैयार किए जाने ▶▶|शेष पेज 10 पर

### जमीन कारोबार पर गहरा असर, मंदा बाजार

जमीन कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि दरों में संशोधन की प्रक्रिया शुरू तो हुई है, लेकिन जब तक नई दरों को यथार्थ के अनुरूप कम नहीं किया जाता, तब तक कारोबार में तेजी लौटना मुश्किल है। कई पुराने सौदे नई सरकारी दर लागू होने के बाद रद्द हो चुके हैं और नई ऊंची दरों के कारण नए सौदे भी नहीं हो पा रहे हैं। कारोबारियों के मुताबिक जिले में जमीन के लेन-देन में लगभग 70 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की जा रही है।




### ग्रामीण क्षेत्रों में दरों में बेतहाशा उछाल

सबसे ज्यादा नाराजगी शहर में तो है परंतु ग्रामीण क्षेत्रों से नाराजगी के स्वर सामने आ रही है। कई ऐसे ग्रामीण इलाके हैं, जहां बिना रास्ते वाली कृषि भूमि की सरकारी दर पहले करीब 9 लाख रुपये प्रति एकड़ थी, जिसे बढ़ाकर सीधे 26 से 27 लाख रुपये प्रति एकड़ कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर सड़क से लगी जमीनों की सरकारी दरों में भी भारी इजाफा हुआ है। पहले जहां ऐसी जमीनों की दर 10 से 15 लाख रुपये के आसपास थी, अब उसे बढ़ाकर 70 लाख से 1 करोड़ रुपये तक कर दिया गया है। ग्रामीणों और किसानों का कहना है कि बिना रास्ते और बुनियादी सुविधाओं वाली जमीन की कीमत में इस तरह की बढ़ोतरी अव्यवहारिक है और इससे जमीन की खरीद-बिक्री लगभग ठप हो गई है।

**बैठक : नारको व नवीन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय समन्वय बैठक**

# सड़क सुरक्षा, नशा और शोर पर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सड़क दुर्घटनाओं पर रोक, नशा उन्मूलन और ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर बेमेतरा प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टोरेट स्थित दिशा सभाकक्ष में मंगलवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति, नारको को- ऑर्डिनेशन सेंटर, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण एवं नवीन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने की।

कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सड़क सुरक्षा, नशा उन्मूलन और ध्वनि प्रदूषण आम नागरिकों के जीवन और स्वास्थ्य से सीधे जुड़े विषय हैं, इनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पूर्व बैठकों के निर्णयों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आगामी कार्ययोजना पर अमल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने नशे के बढ़ते खतरे पर चिंता जताते हुए कहा कि नशीले पदार्थ युवाओं के भविष्य को अंधकार की ओर धकेल रहे हैं। जिले में नशे के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है और मादक पदार्थों की जब्ती भी की गई है। उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ नशा उन्मूलन अभियान को और तेज करने का आग्रह किया। कलेक्टर ने स्कूलों व महाविद्यालयों में नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग को व्यापक प्रचार-प्रसार की रूपरेखा तैयार करने तथा स्वास्थ्य विभाग को नशे की लत से ग्रस्त लोगों के पुनर्वास कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने को कहा गया।

**सड़क सुरक्षा पर सख्त निर्देश-** बैठक में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण को लेकर विशेष चर्चा हुई। कलेक्टर ने हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों के कड़ाई से पालन के निर्देश दिए। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों एवं ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई के साथ-साथ जनजागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। एसएसपी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गों एवं बेरला क्षेत्र में दुर्घटनाओं की संख्या अधिक है। चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर स्पीड ब्रेकर, साइन बोर्ड और संकेतक लगाए गए हैं। खराब लाइटों व संकेतकों की मरम्मत के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्ट्रेट के सामने स्पीड लिमिट बोर्ड, डिवाइडर और प्रकाश व्यवस्था के ▶▶|शेष पेज 10 पर



### कलेक्टर ने ली राइस मिलर्स की बैठक, कस्टम मिलिंग व धान उठाव में तेजी के सख्त निर्देश

बेमेतरा। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने आज कलेक्ट्रेट स्थित दिशा सभाकक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के उठाव एवं कस्टम मिलिंग की समीक्षा हेतु राइस मिलर्स की बैठक ली। बैठक में डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर,धान उपार्जन से संबंधित जिला अधिकारी , खाद्य विभाग के अधिकारी एवं राइस मिलर्स उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने धान उठाव एवं कस्टम मिलिंग की धीमी प्रगति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सभी राइस मिलर्स को कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि धान परिवहन एवं मिलिंग कार्य पूरी तरह नियमानुसार, पारदर्शी और व्यवस्थित होना चाहिए तथा किसी भी स्थिति में ओवरलोडिंग नहीं की जाए। गाड़ियों की लोडिंग एवं अनलोडिंग समय पर हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि राइस मिलर्स द्वारा ड्राइवरों को पहले से ब्रीफ किया जाए, ताकि वाहन समय पर ट्रिप पूरी करें और किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गेट पास की साफ एवं स्पष्ट फोटो समय पर अपलोड की जाए। गलत तरीके से धान उठाव अथवा परिवहन किए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

उन्होंने धान उपार्जन से जुड़े जिला अधिकारी को निर्देशित किया कि मिलर्स के कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें और किसी भी अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को समय पर समर्थन मूल्य का लाभ दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। धान उठाव एवं कस्टम मिलिंग में किसी भी प्रकार की देरी किसानों के साथ-साथ प्रशासनिक व्यवस्था को भी प्रभावित करती है, इसलिए सभी संबंधित पक्ष जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी दिनों में धान उठाव एवं कस्टम मिलिंग की प्रगति में स्पष्ट और ठोस सुधार दिखाई देना चाहिए।

### कर समय पर जमा करें, अवैध निर्माण पर होगी कार्रवाईः नपाध्यक्ष सिन्हा

**बेमेतरा।** नगर पालिका अध्यक्ष श्री विजय सिन्हा ने नगर के समस्त नागरिकों, व्यापारियों एवं भवन स्वामियों से अपील की है कि वे अपने आवासीय एवं व्यवसायिक कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से जमा करें। उन्होंने कहा कि कर की समय पर वसूली से नगर विकास के कार्यों को गति मिलेगी और नागरिक सुविधाओं का विस्तार सुचारू रूप से किया जा सकेगा।



नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास में कर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। समय पर कर भुगतान से नगर को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग मिलता है और विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आती। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि नगर पालिका की अनुमति के बिना किए गए मकान, दुकान अथवा अन्य किसी भी प्रकार के निर्माण को अवैध माना जाएगा। ऐसे मामलों में संबंधित भवन स्वामियों के विरुद्ध नियमों के तहत नोटिस जारी कर सख्त एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। नगर क्षेत्र में अवैध निर्माण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं ▶▶|शेष पेज 10 पर

# देव पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया बागबाहरा व घुंचापाली जिला महासमुंद का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत आने वाले देव पब्लिक स्कूल बारगांव के बच्चों ने बागबाहरा व घुंचापाली का शैक्षणिक भ्रमण किया। प्राकृतिक सौंदर्य और इतिहास से हुए रूबरू बारगांव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और किताबी ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने के उद्देश्य से 'देव पब्लिक स्कूल बारगांव' द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने महासमुंद जिले के प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों का दौरा किया।



चंडी माता मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इस भ्रमण की शुरुआत बागबाहरा स्थित प्रसिद्ध घुंचापाली चंडी माता मंदिर से हुई। बच्चों ने माता के दर्शन किए और वहां की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। दर्शन के पश्चात विद्यार्थियों ने मंदिर परिसर के विशाल भंडारा कक्ष में एक साथ बैठकर गृह-निर्मित भोजन टिफिन किया। जिससे उनमें सामूहिकता और अनुशासन की भावना देखने को मिली। बच्चों ने वहां से स्मृति स्वरूप प्रसाद और अन्य सामग्रियां भी खरीदीं।

भ्रमण का अगला पड़ाव खल्लारी माता मंदिर रहा। विद्यार्थियों ने लगभग 900 सीढ़ियों की चढ़ाई को महज 20 मिनट में पूरा कर लिया। पहाड़ी के ऊपर से प्रकृति के विहंगम दृश्यों को देख बच्चे और अभिभावक मंत्रमुग्ध हो गए।

शिक्षकों ने बच्चों को खल्लारी के ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी दी। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार यह क्षेत्र महाभारत काल से जुड़ा हुआ है। बच्चों ने वहां मौजूद 'भीम पांव' और 'भीम चूल' जैसे साक्ष्यों को प्रत्यक्ष रूप से देखा, जो उनके लिए कौतूहल और सीखने का विषय रहा। विद्यार्थियों ने साझा किया कि प्रत्यक्ष अवलोकन से उन्हें इतिहास को समझने में काफी मदद मिली। इस ▶▶|शेष पेज 10 पर

# जुआ खेलते 8 आरोपी गिरफ्तार, नकदी व वाहन सहित 1.15 लाख का सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साइबर सेल एवं थाना दाढी पुलिस की संयुक्त टीम ने जुआ गतिविधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 जुआडियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नकद राशि, मोबाइल फोन, बाइक एवं जुआ सामग्री सहित कुल करीब 1 लाख 15 हजार 620 रुपये का सामान जब्त किया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 जनवरी 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम नवागांव कला स्थित बिही घाट हाफ नदी किनारे कुछ लोग रुपए-पैसे का दांव लगाकर "काट पत्ती" नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा एवं थाना दाढी प्रभारी निरीक्षक रोशन लाल टोन्ड्रे के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी। रेड कार्रवाई के दौरान पुलिस को देखकर कुछ आरोपी फरार हो गए, जबकि मौके से 8 जुआडियों को पकड़ने में सफलता मिली। पुलिस ने उनके पास व फड़ से 50,620 रुपये नकद, 52 पत्ती ताश, एक प्लास्टिक की चटाई, 7 मोबाइल फोन (कीमत लगभग 35 हजार रुपये) एवं 2 मोटरसाइकिल (कीमत लगभग 30 हजार रुपये) जब्त की। गिरफ्तार ▶▶|शेष पेज 10 पर



**छात्रों को यातायात नियमों व अपराध से बचाव के संबंध में दी जानकारी**

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में यातायात पुलिस का जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा जिलेभर में निरंतर यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को स्वामी आत्मानंद स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान यातायात पुलिस टीम ने छात्रों को जेब्रा क्रॉसिंग के सही उपयोग, ट्रैफिक सिग्नल का पालन, बिना लाइसेंस वाहन न चलाने तथा हेलमेट पहनने की अनिवार्यता के बारे में समझाया। साथ ही दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी न बैठाने, सही लेन में वाहन चलाने, मोड़ लेते समय इंडिकेटर का प्रयोग करने और सड़क के बीच वाहन खड़ा न करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों पर विशेष जोर दिया गया। छात्रों को वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग से होने वाले खतरों के प्रति भी सचेत किया गया। जागरूकता के लिए बैनर और पोस्टर के माध्यम से भी संदेश प्रसारित किए गए। इसके साथ ही विद्यार्थियों को अपराध से दूर रहने और कानून का पालन करने का संदेश भी दिया गया।




**सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का लिया संकल्प -** कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया। पुलिस प्रशासन ने बताया कि यह अभियान जिले के हाट-बाजारों, स्कूलों एवं महाविद्यालयों में लगातार चलाया जाएगा, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और आमजन को सुरक्षित यातायात के लिए प्रेरित किया जा सके। इस अवसर पर यातायात प्रभारी एवं रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, खेल एवं युवा कल्याण सहायक जिला खेल अधिकारी उपेन्द्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक मोहन लाल साहू, आरक्षक पारसमणी साहू, आशीष तिवारी, शशांक शर्मा सहित यातायात पुलिस का स्टाफ, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति पर विशेष उपाय, घर में होगा सुख-समृद्धि का वास : पंडित श्रीनिवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

हिंदू धर्म में मकर संक्रांति का विशेष धार्मिक और ज्योतिषीय महत्व है। यह पर्व उस समय मनाया जाता है जब सूर्य देव धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करते हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित श्रीनिवास द्विवेदी के अनुसार वर्ष 2026 की मकर संक्रांति अत्यंत शुभ मानी जा रही है। इस दिन किए गए स्नान, दान और तर्पण से सूर्य दोष व पितृ दोष की शांति होती है तथा जीवन की अनेक बाधाएं दूर होती हैं।

पंडित द्विवेदी ने बताया कि वर्ष 2026 में मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाई जाएगी। इस दिन सूर्य देव दोपहर 3:13 बजे धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। स्नान-दान के लिए शुभ समय दोपहर 3:13 बजे से शाम 5:45 बजे तक रहेगा। जिन जातकों की कुंडली में सूर्य कमजोर है या जिन्हें मान-सम्मान एवं आत्मविश्वास की कमी महसूस होती है, उन्हें मकर संक्रांति के दिन विशेष उपाय करने चाहिए। स्नान के बाद तांबे के लोटे से सूर्य देव को अर्घ्य दें। अर्घ्य के जल में गुड़ और लाल चंदन मिलाना लाभकारी माना गया है। इस दौरान "ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः" मंत्र का जाप करने से स्वास्थ्य और आत्मबल में वृद्धि होती है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पितृ दोष के कारण घर में कलह और आर्थिक तंगी बनी रहती है। मकर संक्रांति के दिन सूर्य को अर्घ्य देते समय जल में काले तिल और लाल फूल डालने से पितरों की तृप्ति होती है। साथ ही "ॐ पितृदेवाय नमः" मंत्र का जाप करते हुए तर्पण करना चाहिए। इस दिन गाय, कुत्ते और कौवों को भोजन कराने तथा संध्या समय घर के दक्षिण दिशा में दीपक जलाने से पितृ दोष शांत होता है। मकर ▶▶|शेष पेज 10 पर

# आध्यात्मिकता और संस्कृति से जुड़कर ही युवा अपने जीवन को बना सकते हैं सार्थक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर भाजपा नेता व श्रीराम जन्मोत्सव समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने सेक्टर-6 स्थित कालीबाड़ी पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मनीष पाण्डेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने विचारों और जीवन दर्शन से युवाओं को आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति और सेवा भाव का संदेश दिया। इस दौरान पाण्डेय ने कालीबाड़ी मंदिर में भगवान के दर्शन किया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता और संस्कृति से जुड़कर ही युवा अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, पश्चिम मंडल अध्यक्ष गोल्डी सोनी, तिलकराज यादव, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सौरभ जायसवाल सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर ट्विनसिटी में हुए विविध आयोजन




### वार्ड 25 आशीष नगर रिसाली में विवेकानंद जयंती मनाई



भिलाई। वार्ड 25 आशीष नगर रिसाली में युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर माल्यारोपण कर उन्हें याद किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाजसेवी सोनू राम सिंह, रिसाली मंडल अध्यक्ष एकनाथ अनुपम साहू, पार्षद मनीष यादव, लेख राम वर्मा, कल्याण सिंह साहू, परमेश्वर महिलांग,लखन साहू, शकुंतला यादव,चमेली सिन्हा, शकुंतला दास, ललिता सिंह, मंदीप प्रसाद, आदि उपस्थित थे।

### विवेकानंद के विचारों से राष्ट्रभाव का संचार



भिलाई। डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय महाविद्यालय, भिलाई-3 में राष्ट्रीय युवा दिवस असैा स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर श्रद्धा, उत्साह व प्रेरणादायी वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सहमंत्री हिमांशु कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अश्विनी महाजन ने की। मंच संचालन डे साहब साहू नगर मंत्री भिलाई 3 ने किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस जैसे आयोजन विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं नैतिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर युवा अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मुख्य वक्ता हिमांशु कौशिक ने स्वामी विवेकानंद को भारत की सनातन परंपरा को पूरे विश्व में पहुंचाने वाला महान विचारक बताया। इस कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गजानंद साहू , नेतृत्व वर्मा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन आज के युवाओं को देता है मार्गदर्शन

दुर्ग। युवाओं के प्रणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर दुर्ग



शहर में स्वामी विवेकानंद सभागार पद्मनाभपुर दुर्ग तथा साइंस कॉलेज दुर्ग परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर दीपदान, पुष्प समर्पण, मात्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यक्रम संचालक संकल्प समर्पित सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष ब्रम्हा तिवारी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शन देता हैं। कार्यक्रम में प्रहलाद निर्मलकर, अरबाज कुरैशी, भूपेन्द्र माण्डले, याशिन खान, इन्द्रजीत चंद्राकर, शुभम सोनी, ईशु साहू, भारत भूषण, देवव्रत वर्मा, तरुण साहू आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### शव मिला, पुलिस ने की शिनाख्त

भिलाई। रविवार देर रात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि युवक का नाम सूर्यकांत देवांगन धमतरी निवासी है। मानसिक रुप से बीमार था। शव जियो पेट्रोल पंप के पास पड़ा मिला। शव को पीएम के लिए पुलिस ने भेज दिया और देर रात शव का शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी गई। पीएम होने के बाद सूर्यकांत की मौत हार्ट अटैक से होना बताया गया है। युवक की उम्र 30 वर्ष है। घटनास्थल पर युवक की शर्ट खुली हुई थी और बेल्ट भी खुली मिली। शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए थे।

### ब्लास्ट फर्नेस 4 ने हॉट मेटल उत्पादन में रचा कीर्तिमान

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस 4 को उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हॉट मेटल उत्पादन का अब तक का अपना सर्वोच्च रिकॉर्ड बनाया। इस दिन फर्नेस ने 3,152 टन हॉट मेटल का उत्पादन दर्ज किया, जो दिसंबर, 2025 को बनाये गए 3,101 टन के अपने पूर्वतम सर्वश्रेष्ठ उत्पादन के रिकॉर्ड को पार कर गया। उत्पादन के रिकार्ड पर ब्लास्ट फर्नेस 4 में एफएफसीआर में केक काटकर मनाया गया। मुख्य महाप्रबंधक राहुल श्रीवास्तव और कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक श्रीनिवास गुज्जू आदि उपस्थित थे। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि ब्लास्ट फर्नेस4 के प्रदर्शन में दिखाई दे रही लगातार वृद्धि प्रशंसनीय है।

## सेक्टर 4 में सीटू के सम्मेलन में कई अहम प्रस्ताव पारित

# बीएसपी के निजीकरण सहित श्रम संहिता के खिलाफ तेज होगी श्रमिकों की लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**हड़ताल के लिए कर्मचारियों और मजदूरों को करेंगे एकजुट, नहीं होने देंगे से.9 हॉस्पिटल का निजीकरण**






हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन सीटू का सामान्य सम्मेलन इस्पात क्लब सेक्टर 4 में आयोजित किया गया। सम्मेलन में सीटू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तपन सेन सहित यूनियन के स्थानीय पदाधिकारी व अनेक सदस्य उपस्थित थे। सम्मेलन में सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण और सेल कर्मियों के वेतन समझौत सहित कई मुद्दों को लेकर अनेक अहम प्रस्ताव पारित किये गए। केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए 12 फरवरी को अखिल भारतीय हड़ताल का समर्थन कर सफल बनाने पर जोर दिया गया।

सम्मेलन में यूनियन नेताओं ने पारित सभी प्रस्तावों पर अमल कराने के लिए मजदूरों व लोगों को एकजुट करने की अपील की। सेल कर्मियो के अपूर्ण वेतन समझौता को जल्द पूर्ण करने, केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी लेबर कोड की वापसी, सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण के मुद्दों को लेकर संघर्ष तेज करने के प्रस्ताव पारित किए गए। साथत ही वेतन समझौता सहित लंबित मुद्दों को जल्द एनजेसीएस बैठक बुलाकर निदान की मांग की गई।अफॉर्डेबिलिटी क्लॉज और एनजेसीएस के सर्वसम्मति के परिपाटी को ताक पर रखकर एमओयू में तीन यूनियनों द्वारा किए गए हस्ताक्षर का सहारा लेकर प्रबंधन 39 महीने के एरियर्स को देने से मना कर रहा है और इस समझौता यहीं समाप्त कर अगले वेतन समझौता के बारे में बातचीत शुरु करने की की बात कर रहा है।। प्रबंधन के इस बात को मान लेने से हमेशा के लिए एरियर्स और अन्य सुविधाओं से कर्मियों को हाथ धोना पड़ेगा।

लेबर कोड के अधिसूचित होने के साथ ही आने वाले दिनों में वेतन समझौता के लिए बनाई गई द्विपक्षीय वार्ता समितियां भी खतरे में पड़ जाएगी। सम्मेलन में सरकार और प्रबंधन के मजदूर विरोधी निर्णय के खिलाफ 12 फरवरी को प्रस्तावित अखिल भारतीय हड़ताल के संदेश को हर कर्मी तक पहुंचाने और उसे सफल बनाने के लिए हर तरह से कार्य करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन में सीटू महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी, पूर्व अध्यक्ष एसपी डे ,महासचिव डीवीएस रेड्डी सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

### मजदूर विरोधी है श्रम संहिता

श्रम संहिता के लागू होते ही 80% मजदूर श्रम कानूनों के दायरे से बाहर होने के साथ फैक्ट्री की परिभाषा बदल जाएगी। न्यूनतम वेतन की गारंटी खत्म हो जाएगी। महिलाओं को रात्रि पाली में भी काम करने के लिए मजबूर किया जाएगा। मजदूरसामाजिक सुरक्षा से दूर होते चले जाएंगे। काम के घंटे की परिभाषा बदलते हुए 12 घंटा काम करवाने को कानूनी मान्यता मिल जाएगा। मजदूर गुलामी की तरफ बढ़ जाएगा।

### बीएसपी में आउटसोर्सिंग बंद हो

सम्मेलन में बीएसपी के कई विभागों तथा अस्पताल, स्कूल, मैत्री गार्डन जैसे वेलफेयर इकाइयों के आउटसोर्सिंग कर निजीकरण के तरफ ले जाने का विरोध किया गया है। सीटू नेताओं ने बताया कि बीएसपी में वर्तमान में मात्र 10000 कर्मचारी ही बचे हैं। 25000 से ज्यादा ठेका श्रमिक संयंत्र में काम कर रहे हैं। प्रबंधन धीरे-धीरे संयंत्र के अंदर अलग अलग विभागों के कुछ हिस्से को आउटसोर्स में देना प्रारंभ किया है । पूरे संयंत्र को ही निजी हाथों में देने की तरफ बढ़ाया जा रहा है। निजीकरण के खिलाफ लोगों को संगठित करते हुए मजबूती से संघर्ष चलाने का निर्णय लिया गया।

## विद्यार्थियों ने मनमोहक चित्रों से सुरक्षा जागरुकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सेक्टर 8 स्थित सुनीति उद्यान में वार्षिक सुरक्षा ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार थे। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक डी सतपथी ने की। इस अवसर पर सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल, महाप्रबंधक एस सुनोव, पीएम राजेन्द्र कुमार, बीआर पांडा, यूवी सुभद्रा, जे.टी. दासन व एसके महतो आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के स्कूली बच्चों, विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों तथा अभिभावकों/पालकों सहित 1200 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## पेज 9 के शेष...

### जमीन की सरकारी...

हैं, जिसके बाद जिला मूल्यांकन समिति अंतिम निर्णय लेकर प्रस्ताव को प्रदेश स्तरीय समिति के पास भेजेगी।

**अनुविभागीय अधिकारियों को सौंपा गया जिम्मा-** जानकारी के अनुसार जिला मूल्यांकन समिति की बैठक से पहले जिले के सभी एसडीएम को अपने-अपने अनुभाग में जमीन की दरों को लेकर सुझाव और संशोधन प्रस्ताव तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। ब्लॉकवार स्थिति, जमीन की प्रकृति, उपयोग और पहुंच (रास्ता, सड़क आदि) को ध्यान में रखते हुए एसडीएम अपने स्तर पर प्रस्ताव बनाएंगे। इन्हीं प्रस्तावों के आधार पर जिला समिति अंतिम फैसला लेगी। हालांकि अब तक अधिकांश एसडीएम स्तर पर प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है, जिससे बैठक भी टलती जा रही है।

**रजिस्ट्री की संख्या में भारी गिरावट-** सरकारी दरों में बढ़ोतरी का सीधा असर जिला पंजीयक कार्यालय की आय पर भी पड़ा है। पहले शहर और आसपास के क्षेत्रों में हर महीने एक से डेढ़ हजार रजिसट्रियां हुआ करती थीं, लेकिन अब यह आंकड़ा सिमटकर 100 से 200 रजिसट्रियों तक पहुंच गया है। सौदे रद्द होने और नई दरों पर रजिस्ट्री कराने में लोगों की असमर्थता के कारण राजस्व लक्ष्य भी प्रभावित हो रहा है।

### सड़क सुरक्षा, नशा...

लिए एनएच विभाग से पत्राचार किया गया है।

**ध्वनि प्रदूषण पर जीरो टॉलरेंस-** कलेक्टर ने ध्वनि प्रदूषण को गंभीर स्वास्थ्य समस्या बताते हुए उच्चतम न्यायालय एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेशों के कड़ाई से पालन के निर्देश दिए। रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर, कानफोड़ डीजे और धुमाल पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और आयोजनों में निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन अनिवार्य किया गया।

**सामूहिक प्रयास की अपील-** बैठक के अंत में कलेक्टर ने सभी विभागों से संगठित और सतत प्रयास कर जिले में सुरक्षित, स्वस्थ और शांत वातावरण सुनिश्चित करने की अपील की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता पदमाकर, अपर कलेक्टर श्री प्रकाश भारद्वाज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, एसडीओपी बेमेतरा भुषण एक्का, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी शशीकला उईके, यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो सहित आरटीओ, नगर निकाय, स्वास्थ्य विभाग व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### कर समय पर जमा...

किया जाएगा। श्री सिन्हा ने नागरिकों से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व नगर पालिका से अनिवार्य अनुमति प्राप्त करें तथा नगर के सभी नियमों का पालन करें। इससे न केवल कानूनी परेशानियों से बचा जा सकेगा, बल्कि नगर का सुव्यवस्थित एवं सुनियोजित विकास भी सुनिश्चित होगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन पारदर्शिता के साथ कार्य कर रहा है और आम जनता के सहयोग से ही बेमेतरा को स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित नगर बनाया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से कर भुगतान एवं नियमों के पालन में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। अंत में उन्होंने कहा कि नगर का विकास हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। समय पर कर जमा करना और नियमों का पालन करना ही एक सशक्त और समृद्ध नगर की पहचान है।

### देव पब्लिक स्कूल...

शैक्षणिक यात्रा को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों और पालकों ने कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया। शिक्षकों में चेतन लाल यादव, फूलचंद निषाद, द्रौपदी निषाद, भारती साहू, नगीना साहू, तरन्नुम निशा और मनीषा निषाद शामिल रहे। वहीं, पालकों में राजकुमारी वर्मा, सीमा वर्मा, ऊदल साहू, भूषण साहू, मेघनाथ साहू, विष्णु साहू और दिलेंद्र निषाद का विशेष योगदान रहा। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि यदि प्रकृति का वास्तविक आनंद और ऐतिहासिक धरोहरों को समझना है तो खल्लारी और घुंचापाली का भ्रमण अवश्य करना चाहिए।

### जुआ खेलते 8...

आरोपियों में युवराज पटेल (36) निवासी मोहतरा, श्याम यादव (50) निवासी माराडबरी, जिला मुंगेली, संतोष बंजारे (40) निवासी खपरी,वीरेंद्र पाल बोईरे (32) निवासी लालबंद पारा नवागढ़,राजकुमार घृतलहरे (47) निवासी हेमाबंद, मनीष शर्मा (40) निवासी टेमरी, जिला मुंगेली, सुनील विश्वकर्मा (27) निवासी दाढ़ी,देवचरण कोशले (53) निवासी मोतीनपुर, नवागढ़ शामिल हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना दाढी में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई है। इस संपूर्ण कार्रवाई में साइबर सेल एवं थाना दाढी पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध जुआ गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी।

### मकर संक्रांति पर...

संक्रांति पर खिचड़ी का दान और सेवन विशेष फलदायी माना गया है। तिल, गुड़, चावल और गर्म वस्त्रों का दान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। वहीं पतंग उड़ाने की परंपरा को सूर्य की किरणों से स्वास्थ्य लाभ से भी जोड़ा जाता है। पंडित श्रीनिवास द्विवेदी ने बताया कि श्रद्धा और विधि-विधान से किए गए ये उपाय जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाते

## हेमचंद विवि बॉस्केट बाल टीम अभा स्पर्धा के लिए क्वालीफाई




भिलाई। कोलकाता में हुए ईजेडआईयू इंटर यूनिवर्सिटी बास्केट बाल टूर्नामेंट में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी पुरुष ने फायनल जीत कर आल इंडिया ईस्ट जोन बास्केट बाल पुरुष टीम इंटर जोनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। विजेता टीम के खिलाड़ियों में कप्तान प्रणय तिवारी सहित विशाल सिंह शेख अरमान अली अमृत सिंह, यश राय, निकोलस, आयुष्मान सिंह, शिवम दुबे, प्रशांत पति, त्रिपाठी, तुषार, नमन निरवाल और यश साहू शामिल थे। कोच पंकज पांडेय व मैनेजर कैलाश नारायण वर्मा थे। प्रतियोगिता में द्वितीय यूनिवर्सिटी आफ कोलकाता व तीसरा स्थान संबलपुर विवि को मिला।

## निर्यात कर के नोटिस से उद्योग जगत में असमंजस और चिंता का वातावरण

भिलाई। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश थौरानी, महामंत्री अजय भसीन और भिलाई उद्योग चेम्बर अध्यक्ष जेपी गुप्ता ने भिलाई में उद्योगों पर लगाए जा रहे निर्यात कर के संबंध में नगरीय निकाय सचिव डॉ. बसवराजु एस तथा दुर्ग जिलाधीश अभिजीत सिंह से चर्चा की। चेम्बर पदाधिकारियों ने अधिकारियों को अवगत कराया कि निर्यात कर के नोटिस से उद्योग जगत में असमंजस और चिंता का वातावरण है। उद्योग पहले से ही आर्थिक दबाव का सामना कर रहे हैं, ऐसे में अतिरिक्त कर का बोझ उत्पादन और रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने आग्रह किया कि इस विषय पर शीघ्र समाधान निकालते हुए उद्योगों को राहत प्रदान की जाए। नगरीय निकाय सचिव और जिलाधीश ने प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर जल्द ही पहल की जाएगी और शासन स्तर पर आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर उद्योगों को राहत देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है खेल : विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ ग्राम डूमरडीह में क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का आयोजन

ग्राम डूमरडीह में अक्सा इलेवन द्वारा क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला उमरपोटी और खेदामारा टीमों के बीच खेला गया। इसमें उमरपोटी की विजयी रही। विधायक ललित चंद्राकर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन की बात कही। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और हमें हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। इस अवसर पर सरपंच धर्मेंद्र बंजारे, पार्षद सोनू राजपूत, शिव ठाकुर, चंदू देवांगन, प्रवीण यदु, फत्तेलाल वर्मा, चंद्रहास चेलक आदि उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारण कर निरंतर आगे बढ़ने किया प्रेरित

# राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने दुर्ग जिले के 115 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन के राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा जिला स्तर पर अल्पसंख्यक समुदाय के कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा में 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के 115 विद्यार्थियों को आयोग की ओर से प्रमाण पत्र व उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा उपस्थित थे। छाबड़ा ने कहा कि शिक्षा ही सशक्त समाज की नींव है। अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं कठिन परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। राज्य अल्पसंख्यक आयोग सदैव उनके मार्गदर्शन और सहयोग के लिए तत्पर है। उन्होंने



एक प्रेरक प्रसंग के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारण कर निरंतर आगे बढ़ने तथा देशहित में कार्य करने का संदेश दिया। इस अवसर पर अरविंदर सिंह खुराना अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा जिला दुर्ग ने विद्यार्थियों को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने, अपने माता-पिता और शिक्षकों के प्रति सम्मान बनाए रखने प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरदीप सिंह दुर्ग ट्रक मालिक संघ, सिंघारा सिंह सोढ़ी कोषाध्यक्ष दुर्ग ट्रक मालिक संघ, सिकंदर सिंह, दीपक चोपड़ा, हरदीप सिंह, गुरसिमरन सिंह, तनवीर अकिल जिला क्रीड़ा अधिकारी दुर्ग), शफी तथा प्रभा वर्मा प्राचार्य श्री महावीर जैन स्कूल दुर्ग का विशेष सहयोग रहा। मंच संचालन अनीस राजा द्वारा किया गया। शेफाली सोनी प्रभारी प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी अल्पसंख्यक आयोग शैक्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह तथा गुलनाज बानो सहायक नोडल अधिकारी ने आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### कव्वाली का मुकाबला 16 को उरला में

दुर्ग। डॉ अंबेडकर नगर निवासी विकास समिति उरला वार्ड 58 दुर्ग द्वारा राज्य स्तरीय बुद्ध मेला एवं बुद्ध विहार स्थापना दिवस समारोह का आयोजन 16 जनवरी को 14वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। जिसमें परित्राण पाठ व शाम को रिकॉर्डिंग डांस के साथ रात में कव्वाली का आयोजन किया जाएगा। कव्वाल प्रकाश नाथ पाटणकर नागपुर व अजय कुमार युवा प्रबोधनकार के मध्य मुकाबला किया जाएगा। मुख्य अतिथि मंत्री गजेंद्र यादव होंगे। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष योगेन्द्र चौरे ने दी।

### डॉ. ऋतु का ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज में चयन

दुर्ग। शासकीय डॉ. वावा पाटणकर



कन्या महाविद्यालय में कार्यरत डॉ. ऋतु दुबे का चयन ऑल इण्डिया सिविल सर्विसेज टेबल-टेनिस प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता चण्डीगढ़, टेबल-टेनिस हॉल में 12 से 16 जनवरी तक आयोजित है। इससे पूर्व चयन स्पर्धा रायपुर में आयोजित की गई थी, जिसमें डॉ. दुबे का चयन वेट्रन्स टीम के लिए हुआ है। चण्डीगढ़ में छत्तीसगढ़ की ओर से एकल एवं युगल टेबल-टेनिस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने क्रीडाधिकारी की इस उपलब्धि को सराहा। क्रीडा समिति की संयोजिका डॉ. सुषमा यादव, सदस्य गणेश राम नायक, डॉ. दीपक ठाकुर एवं महाविद्यालय परिवार ने खुशी जताई।

### जंबूरी में काम देने के नाम पर घोटाला, युकां ने की जांच की मांग




दुर्ग। युवा कांग्रेस और एनएसयूआई ने संयुक्त रूप से रैली निकालकर जंबूरी में हो रहे घोटाले को लेकर विरोध दर्ज करया। इंदिरा प्रतिमा इंदिरा मार्केट से लेकर रैली निकालकर प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे, जहां ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की गई। रोवर रेंजर जंबूरी के आयोजन में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि बिना टेंडर के निजी कंपनी को काम दिया गया है, जिससे 10 करोड़ के बजट में नियमों की अनदेखी कर राशि का हस्तातरण किया गया है। केंद्रीय स्तर पर तय नवा रायपुर से आयोजन स्थल बदलकर चहेते ठेकेदारों को फायदा पहुंचाया गया है। युवा कांग्रेस ने मांग की है कि इस मामले की जांच की जाए और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। सिर्फ वीआई सुविधाओं के लिए 5 करोड़ खर्च करना नियमों का उल्लंघन है और सरकारी धन का दुरुपयोग है। इस अवसर पर मोहित वालदे, राजकुमार पाली, आनंद कपूर ताम्रकार, सुमित घोष, एनी पीटर, आदित्य नारंग, अभिषेक जांगड़े, अली असगर, केडी देवांगन, तुषार कुमार, रोहन ताम्रकार, अमन सिंह, राहुल यादव, वेदांत शर्मा, ओम लोहरी, यश ठाकुर, जय राणा, ऋषभ शुक्ला, कान्हा सोनी मौजूद थे।

# जनसुनवाई और फाइल निष्पादन में पारदर्शिता करें सुनिश्चितः कलेक्टर

## कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय-सीमा, मुख्यमंत्री जनदर्शन एवं कलेक्टर जनदर्शन से संबंधित आवेदनों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जनसमस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिन प्रकरणों का तत्काल निराकरण संभव है, उन्हें शीघ्र हल किया जाए, वहीं जिन मामलों में समय लगना आवश्यक है, उनके वास्तविक कारणों की जानकारी संबंधित आवेदक को समय पर दी जाए। मुख्यमंत्री जनदर्शन के प्रकरणों का विशेष रूप से गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने राज्य शासन के निर्देशानुसार सभी शासकीय कार्यालयों में लागू आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचकर अनिवार्य रूप से आधार आधारित प्रणाली में उपस्थिति दर्ज कराएं। नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज नहीं करने अथवा विलंब से आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



### बिना अनुमति मुख्यालय से बाहर न रहें अधिकारी-कर्मचारीः कलेक्टर

प्रशासनिक कार्यों में कसावट लाने एवं जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने अधिकृत मुख्यालय में निवास करने के निर्देश दिए। बिना अधिकृत अनुमति के मुख्यालय से बाहर पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि शासकीय फाइलों, पत्राचार, आदेश एवं दस्तावेजों का निष्पादन अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही किया जाए, जिससे कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बन सके।

## अव्यवस्था : चन्द्रशेखर आजाद नगर वार्ड-39 में विकास ठप

# वॉटर एटीएम 4 साल से बंद, बदहाली व लापरवाही की पहचान बना खेल मैदान

## आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित वार्ड के रहवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

वार्ड परिक्रमा

वार्ड 39 चन्द्रशेखर आज़ाद नगर में बुनियादी सुविधाओं की हालत बेहद खराब है। सड़कों की जर्जर स्थिति, पीने के पानी की किल्लत, बच्चों के खेल मैदान की बदहाली और चार साल से बंद पड़े वाटर एटीएम ने स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। एक पाइपलाइन से करीब 6 महीनों से पानी नहीं आ रहा, जबकि दूसरी से मिलने वाला पानी जरूरत से कम है।

नगर निगम भिलाई के जोन-4 अंतर्गत वार्ड 39 चन्द्रशेखर आजाद नगर में कई जगह सड़कें जर्जर हालत में है। कई जगह डामर उखड़ चुका है। बच्चों के लिए बनाया गया खेल मैदान भी उपेक्षा का शिकार है। चारों और गंदगी फैली हुई है। यह मैदान बच्चों के खेलने की जगह नहीं है। सबसे बड़ी समस्या है पीने के पानी की। वार्ड में दो पाइपलाइन बिछी हैं। स्थानीय निवासियों के मुताबिक एक पाइपलाइन से पिछले करीब 6 महीनों से एक बूंद पानी नहीं आया। दूसरी पाइपलाइन से जो पानी मिलता है, वह पूरे इलाके के लिए बेहद कम है। शुद्ध पेयजल के लिए लगाया गया वाटर एटीएम भी पिछले चार साल से बंद पड़ा है। मशीन लगी है, बोर्ड भी लगा है, लेकिन न तो पानी है और न ही बिजली।








### खेल मैदान में गंदगी और कब्जे



चन्द्रशेखर आज़ाद नगर का खेल मैदान कभी बच्चों की हंसी और खेल से गुलजार रहता था। आज वही मैदान बदहाली और लापरवाही की पहचान बन चुका है। वार्ड निवासी अभय मेहता ने बताया कि कई साल पहले यहां बच्चों के खेलने के लिए बाकायदा मैदान बनाया गया था। दीवारों पर खेल से जुड़े रंग बिरंगे चित्र भी बनाए गए थे, ताकि बच्चों को अच्छा माहौल मिल सके, लेकिन समय के साथ देखरेख पूरी तरह खत्म हो गई। आज मैदान के चारों ओर गंदगी बिखरी हुई है। कुछ लोगों ने सरकारी जमीन पर कब्जा भी कर रखा है, जिससे मैदान लगातार सिकुड़ता जा रहा है। अभय मेहता कहते हैं कि एक वक्त था जब इस मैदान में रोज बच्चों की भीड़ लगी रहती थी। अब हालात ऐसे हैं कि मैदान पूरी तरह वीरान पड़ा हुआ है।

### सिर्फ दो माह चला वाटर एटीएम



भिलाई के वार्ड 39 में शुद्ध पेयजल के नाम पर लगाया गया वाटर एटीएम अब लोगों के लिए मजाक बन चुका है। वार्ड निवासी प्रणव सरकार बताते हैं कि सुभाष नगर गोवर्धन चौक के पास करीब चार साल पहले यह वाटर एटीएम लगाया गया था। लोगों को उम्मीद थी कि अब कम से कम पीने के पानी की दिक्कत खत्म होगी, लेकिन यह उम्मीद सिर्फ दो महीने ही चली। प्रणव सरकार के मुताबिक चुनाव के बाद वाटर एटीएम का पानी भी बंद हो गया। मशीन आज भी वहीं खड़ी है, लेकिन उसमें एक बूंद पानी नहीं निकलता। यहां बाकायदा बिजली का कनेक्शन लगा हुआ है, लेकिन उसमें करंट नहीं है। पास में बोर भी कराया गया था, ताकि पानी की सप्लाई बनी रहे, लेकिन बिजली नहीं होने की वजह से बोर भी कई सालों से बंद पड़ा है।

# सृजन पब्लिक इंग्लिश स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव आनंद मेला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

सृजन पब्लिक इंग्लिश मिडिल हाई स्कूल आईटी आई परिसर में वार्षिक उत्सव 'आनंद मेला' का हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा रहे। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, खेल गतिविधियाँ एवं विभिन्न रचनात्मक स्टॉलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि "इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक सोच का विकास होता है। शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। सृजन पब्लिक स्कूल द्वारा बच्चों को मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है।" उन्होंने विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों की सहभागिता की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आनंद मेले में शिक्षा के साथ मनोरंजन का सुंदर समन्वय देखने को मिला। बच्चों के उत्साह और अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को यादगार बना दिया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित इस मेले ने विद्यार्थियों में टीम भावना और सृजनात्मकता को प्रोत्साहित किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में चेयरमैन नसरीन खान, वाशिम खान, पीताम्बर झा, अवधेश पटेल, विकाश तम्बोली, नीतू कोठारी, आकिब मालकानी, बिरेन्द्र जायसवाल, रेवाराम निषाद, संदीप यादव, जगजीत सिंह, राकेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# विवेकानंद ने सामाजिक सेवा, मानवीय कार्यों के लिए की रामकृष्ण मिशन की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- उनके जीवन पर आधारित कार्यशाला का आयोजन

स्वामी विवेकानंद की जयंती पर दुर्ग शहर में स्कूल, कॉलेज, सरकारी दफ्तरों, राजनीतिक पार्टियों के कार्यालय में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें विवेकानंद के बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया गया। उनके जीवन पर आधारित कार्यशाला और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी, नगर निगम दुर्ग, बीआईटी कॉलेज, साइंस कॉलेज सहित अन्य जगहों पर भी कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। विवेकानंद भवन में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, पूर्व विधायक अरुण वोरा प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने कहा कि विवेकानंद ने बचपन से ही धर्म और आध्यात्मिकता के प्रति झुकाव दिखाया। 18 वर्ष की आयु में वे रामकृष्ण से मिले और उनके समर्पित शिष्य बन गए, और बाद में संन्यासी (त्यागी) के व्रत ग्रहण किए। रामकृष्ण की मृत्यु के बाद, विवेकानंद ने घुमंतू भिक्षु के रूप में भारतीय उपमहाद्वीप में व्यापक यात्रा की, और तत्कालीन ब्रिटिश भारत के अधीन भारतीय जनता द्वारा झेली जा रही कठिन जीवन



स्थितियों का प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त किया। शिकागो अमेरिका में बहनों और भाइयों... शब्दों से शुरू होने वाला एक ऐतिहासिक भाषण दिया। उन्होंने न्यूयॉर्क की वेदांत सोसायटी और सैन फ्रांसिस्को की वेदांत सोसायटी की नींव बनीं। भारत में उन्होंने आध्यात्मिक प्रशिक्षण के लिए एक मठवासी व्यवस्था, रामकृष्ण मठ और सामाजिक सेवाओं, शिक्षा और मानवीय कार्यों के लिए समर्पित रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। इस अवसर पर आरएन वर्मा, अय्यूब खान, दीपक दुबे, अलताफ अहमद, संजय कोहले, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, नासिर खोखर मौजूद थे।

### महापौर बाघमार ने किया प्रतिमा पर माल्यार्पण, दी पुष्पांजलि



दुर्ग। महापौर अलका बाघमार ने स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विवेकानंद परिसर पहुंचकर युगद्रष्टा स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। इस अवसर पर उनके साथ एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, पार्षद सरिता चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बाघमार ने स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए कहा कि उनके राष्ट्रवादी, सांस्कृतिक और युवा चेतना से ओतप्रोत विचार आज भी समाज और विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के वैचारिक अधिष्ठान का मूल आधार हैं।

### कन्या कॉलेज में युवा दिवस का आयोजन, स्वदेशी संकल्प दौड़ भी

दुर्ग। डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोतर महाविद्यालय में विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि उनके विचार हमें सिखाते है कि आत्मविश्वास सफलता की पहली सीढ़ी है। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने लिए हमें एकाग्र होकर समर्पित होना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुषमा यादव ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की ट्विंकल साहू, झरना, हेमलता, तृप्ति साहू, स्वाति साहू, नेहा ढीमर, भिनेश्वरी आदि ने सहभागिता दी। डॉ0 सुनीता तिवारी, वंदना बंजारे, जुनैद सिद्दकी, अरविन्द लोखण्डे आदि मौजूद थे।




### करोड़ों का धान चूहे खाने के मामले में हो निष्पक्ष जांच

भिलाई। छग में धान घोटाले को लेकर सामने आ रहे तथाकथित चूहा सिद्धांत को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। प्रवक्ता जावेद खान ने कहा कि करोड़ों रुपए के धान को चूहों द्वारा खा जाने जैसे बेतुके तर्क देना न सिर्फ़ प्रशासनिक गैर-जिम्मेदारी है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की छवि को जानबूझकर हास्यास्पद बनाने की साज़िश भी है। यह डबल इंजन की सरकार में ही संभव है कि अपने किए-धरे का ठीकरा अब चूहों पर फोड़ा जा रहा है। इस मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। प्रदेश में जहां कहीं भी धान कम पाया गया है, उन सभी मामलों को सार्वजनिक करना चाहिए। ताकि को पता चल सके कि प्रदेश की भाजपा सरकार में क्या कुछ हो रहा है। किस तरह से किसानों की मेहनत को बर्बाद किया जा रहा है। घोटाला और अनियमितता की जा रही है।

## नागरिक सहकारी बैंक के प्रत्यायुक्त सदस्य पद के चुनाव में 16 प्रत्याशियों ने दर्ज की जीत

# मतदान के जरिए प्रत्याशियों के बीच हार जीत का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- विजयी प्रत्याशियों को प्रदान किए गए निर्वाचन प्रमाण पत्र

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग में प्रत्यायुक्त सदस्य पद के 16 समूह के लिए रविवार को हुए चुनाव में 16 प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। मतदान के जरिए हार व जीत का फैसला हुआ। वहीं एक समूह में टॉस से रोचक नतीजे सामने आए। निर्वाचन की प्रक्रिया चुनाव अधिकारी देवाशीष दास के मार्गदर्शन और रजिस्ट्रार ऑफ कोऑपरेटिव सोसाइटी दुर्ग के कर्मचारियों की



देखरेख में पूरी की गई। मतगणना उपरांत परिणाम घोषित किए गए। विजयी प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

प्रत्यायुक्त सदस्य पद के कुल 117 समूह में चुनाव के लिए 9 दिन पहले निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। इन कुल 117 समूहों में प्रत्यायुक्त सदस्य पद के 80 प्रत्याशी पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए थे। 21 समूह में किसी भी प्रत्याशी के नामांकन नहीं आने से यह समूह रिक्त रहे। नामांकन प्रक्रिया उपरांत मात्र 16 समूहो में प्रत्याशियों के बीच आमने-सामने की निर्वाचन की स्थिति बनी। इन समूहों में चुनाव के लिए रविवार को मतदाताओं ने गुजराती धर्मशाला मोतीपारा में गहमागहमी माहौल के बीच उत्साह के साथ मतदान किया और अपना नया प्रतिनिधि चुना। इन समूहों के चुनाव में समूह क्रमांक 47 का परिणाम काफी दिलचस्प रहा। इस समूह के प्रत्याशी संजय बोहरा (जैन) टॉस के जरिए निर्वाचित घोषित किए गए। इसके अलावा समूह क्रमांक 116 में प्रत्याशी धनेंद्र कांत चंदेल ने एकतरफा जीत दर्ज की। कुल 22 वोटो में से चंदेल को 21 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी प्रत्याशी को मात्र एक वोट से ही संतोष करना पड़ा। चुनाव में बैंक के पूर्व अध्यक्ष कमल नारायण रूंगटा ने समूह क्रमांक 20 से जबरदस्त जीत दर्ज की। इस चुनाव में कई जनप्रतिनिधियों और व्यवसाईयों की प्रतिष्ठा दाव पर लगी थी, जिसके चलते चुनाव के परिणाम पर सब की नज़रें टिकी रही। मतदान के दौरान बैंक के पूर्व अध्यक्ष कमल नारायण रुंगटा, पूर्व उपाध्यक्ष राजेश यादव, शंकरलाल ताम्रकार, पवन बडजात्य, संजय सिंह, मनोज ताम्रकार, राजेश रुंगटा, अजय शर्मा, दीपक चावड़ा, प्रहलाद रुंगटा, नारायण साहू, महेंद्र सक्सेरिया, ललित सक्सेरिया, श्रीकांत समर्थ, कंचन शुक्ला, राजकुमार वर्मा, विनोद ताम्रकार, धर्मचंद चोपड़ा, तेज बहादुर बंछोर, लखनलाल साहू, संजय देशमुख, धर्मेंद्र गुप्ता, दिलीप देशमुख, अजय वर्मा, गुलाब वर्मा, पोषण साहू, खालिक रिजवी आदि मौजूद रहे।

### ये रहे विजयी प्रत्याशी

विजयी प्रत्याशियों में कमल नारायण रुंगटा समूह क्रमांक 20, संजय बोहरा समूह क्रमांक 47, सुदर्शन सिंह महलवार समूह क्रमांक 63, ज्ञानेश्वर ताम्रकार समूह क्रमांक 75, श्रीमती रितु रुंगटा समूह क्रमांक 93, रूपेश कुमार सोनी समूह क्रमांक 96, श्रीमती वसुंधरा चौरे समूह क्रमांक 98, सुयश चोपड़ा समूह क्रमांक 102, श्रीमती संध्या तिवारी समूह क्रमांक 105, इंद्रेश कांत सोनी समूह क्रमांक 106, अंबर ताम्रकार समूह क्रमांक 107, अनिल कुमार पासवान समूह क्रमांक 111, अमृतपाल सिंह भांभरा समूह क्रमांक 113, धनेंद्र कांत चंदेल समूह क्रमांक 116, कुशल साहू समूह क्रमांक 117 के नाम शामिल है।

# श्री विष्णु महायज्ञ का हवन-पूजन के साथ भव्य समापन

थानखम्हरिया। समीपस्थ ग्राम हाटरांका में आयोजित श्री विष्णु महायज्ञ का समापन मंगलवार को विधिविधानपूर्वक हवन-पूजन एवं पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न हुआ। यज्ञाचार्य पं. राजेन्द्र तिवारी एवं कथा वाचक देवी श्री मंजुलता शास्त्री के पावन सानिध्य में आयोजित महायज्ञ के अंतिम दिन आहुतियाँ देने एवं यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पूर्णाहुति के पश्चात कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा व्यास द्वारा पुराणों में वर्णित कथाओं का भावपूर्ण एवं रसपूर्ण वर्णन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। पुरुष-महिलाओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर पुण्यलाभ अर्जित किया। इस अवसर पर कथा वाचक देवी मंजुलता शास्त्री ने कहा कि यह यज्ञ केवल व्यक्तिगत सुख के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व में सुख-शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा के संचार के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने बताया कि यज्ञ मंत्रों से वातावरण शुद्ध होता है, मानसिक तनाव, अवसाद, अनिद्रा जैसे विकार दूर होते हैं तथा एकाग्रता में वृद्धि होती है। कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक लाभचंद बाफना विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने व्यास पीठ पर माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया, यज्ञ मंडप की परिक्रमा की तथा कथा श्रवण कर क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। आरती एवं प्रसाद ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने यज्ञ समिति के सदस्यों से भेंट कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बाफना ने कहा कि यज्ञ से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि आती है, अधर्म का नाश होता है तथा समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की।

## खबर संक्षेप



### नशामुक्त पीढ़ी समय की आवश्यकता : बघेल

**नांदघाट।** बदनारा में विवेकानंद जयंती पर युवा दिवस मनाया गया इस अवसर पर गायत्री परिवार ने युवाओं से नशामुक्त स्वस्थ समाज बनाने की अपील की। कार्यक्रम में युवा जनप्रतिनिधि भाजपा जिला उपाध्यक्ष जिला पंचायत सभापति अंजय बघेल सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष स्वतंत्र साहु, गायत्री परिवार के कार्यकर्ता गण और बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं और युवा सम्मिलित हुए। अंजय बघेल ने आयोजकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए गायत्री परिवार के इस महती अभियान और नशामुक्त नयी पीढ़ी को समय की आवश्यकता बताया। इस अवसर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवा पुरस्कृत और सम्मानित किए गए।

### सामाजिक कार्यक्रम में पहुंचे गुंडरदेही विधायक



**नांदघाट।** सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने आए गुंडरदेही विधायक एवं निषाद समाज के प्रदेशाध्यक्ष कुंवरसिंग निषाद का अकोली में सामाजिक बंधुओं ने स्वागत किया उक्त अवसर पर अकोली के सरपंच प्रतिनिधि रोहित निषाद प्रतिष्ठित व्यवसायी शिव निषद समेत अनेक निषाद समाज के सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मिथलेश बिसेन 'मिंटू' को भाजपा किसान मोर्चा में मिली बड़ी जिम्मेदारी

**नवागढ़।** विधानसभा क्षेत्र नवागढ़ के लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता दाऊ मिथलेश बिसेन 'मिंटू' को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किए जाने की औपचारिक घोषणा के साथ ही पूरे क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का वातावरण बन गया है। उनकी नियुक्ति को किसान हितों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। घोषणा के तत्काल बाद नवागढ़ सहित ग्रामीण अंचलों में भाजपा कार्यकर्ताओं और किसानों ने मिठाइयाँ बांटकर अपनी खुशी व्यक्त की। नियुक्ति के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए मिथलेश बिसेन ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ा दायित्व है। उन्होंने कहा— किसान मोर्चा में मेरा लक्ष्य किसानों की वास्तविक समस्याओं को प्रदेश नेतृत्व तक मजबूती से पहुँचाना और उनके समाधान के लिए ठोस प्रयास करना होगा। नवागढ़ विधानसभा के किसान मेरी प्राथमिकता हैं। जमीनी कार्यों से मिली लोकप्रियता मिथलेश बिसेन 'मिंटू' लंबे समय से नवागढ़ और आसपास के क्षेत्र में सक्रिय हैं। किसानों, ग्रामीणों और युवाओं के बीच उनका मजबूत जनसंपर्क रहा है। सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में उनकी निरंतर भागीदारी ने उन्हें क्षेत्र में एक प्रभावशाली और भरोसेमंद चेहरा बनाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिसेन हमेशा किसानों के बीच रहकर उनकी समस्याएँ समझते हैं।



# शहर में दो दिवसीय फ्लावर शो एवं प्रतियोगिता 17-18 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

नगर के प्रकृति-प्रेमियों और बागवानी से जुड़े शौकीनों के लिए एक बार फिर उत्साह का अवसर आ रहा है। बीते वर्षों की सफलता को आगे बढ़ाते हुए फ्लावर शो टीम, बेमेतरा द्वारा फ्लावर शो प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता 2025–26 का भव्य आयोजन 17 एवं 18 जनवरी 2026 को भवानी वाटिका, दुर्ग रोड, बेमेतरा में किया जा रहा है। आयोजन को लेकर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। संस्था की प्रमुख सदस्यों भाग्यश्री पोल एवं रश्मि ताम्रकार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन केवल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और आम नागरिकों को पौधरोपण व बागवानी के प्रति प्रेरित करना है। फ्लावर शो के माध्यम से शहर के लोग अपने हुनर, रचनात्मकता और प्रकृति-प्रेम को एक सशक्त मंच पर प्रस्तुत कर सकेंगे।भाग्यश्री पोल एवं रश्मि ताम्रकार ने बताया कि प्रदर्शनी में फूलों और पौधों से संबंधित विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता की प्रमुख श्रेणियों में सबसे स्वस्थ फल या सब्ज़ी का पौधा, स्वस्थ फूलदार पौधा, रचनात्मक रूप से सजाया गया इंडोर प्लांट, औषधीय पौधों का संग्रह, होम गार्डन अथवा छत एवं किचन गार्डन, बोन्साई पौधा, कैक्टस पौधा तथा सबसे अनोखा संग्रह शामिल हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 51 का प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसके अंतर्गत प्रतिभागी किसी भी तीन श्रेणियों में हिस्सा ले सकेंगे। पंजीयन की अंतिम तिथि 14 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है।

## भवानी वाटिका में जुटेंगे प्रकृति-प्रेमी, बागवानी को मिलेगा नया मंच



### बोन्साई प्रस्तुति के लिए चयनित प्रतिभागी को करेंगे सम्मानित

इस अवसर पर विशेष सम्मान के अंतर्गत सत्र 2024–25 के सबसे प्रेरणादायक प्रतिभागी तथा रचनात्मक बोन्साई प्रस्तुति के लिए चयनित प्रतिभागी को भी सम्मानित किया जाएगा। आयोजन से संबंधित जानकारी एवं पंजीयन हेतु रश्मि ताम्रकार, सुशील शर्मा, मनीष पटेल, भाग्यश्री पोल एवं रानी रवानी से संपर्क किया जा सकता है। आयोजकों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। बहरहाल फ्लावर शो प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता न केवल प्रतिस्पर्धा का मंच है, बल्कि यह हरियाली, पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति से जुड़ाव का संदेश भी देता है। आयोजकों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## शहीद वीर नारायण सिंह के त्याग और अदम्य साहस पर प्रकाश डाला

# शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर उमड़ा जनसैलाब, शोभायात्रा के साथ दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| साजा





छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह का 168वां शहादत दिवस साजा के डोंगीतराई स्थित गोंडवाना भवन में गौरव के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज ने शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा से हुआ। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिक जन शामिल हुए। महापुरुष के जयकारों और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज के साथ शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल पहुंची, जहां शहीद वीर नारायण सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जेआर मरई अध्यक्ष, अंगार मोती ट्रस्ट धमतरी ने की। मुख्य अतिथि कमलेश सोरी अध्यक्ष, थमधागढ़ उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुरीत मंडावी जिला अध्यक्ष, सर्व आदिवासी समाज बेमेतरा और मुरीत ध्रुव संरक्षक, अजजा जिला ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

अतिथियों ने अपने संबोधन में शहीद वीर नारायण सिंह के त्याग और अदम्य साहस पर प्रकाश डालते हुए समाज की एकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान समाज के होनहार छात्र-छात्राओं और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समाज के बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृति और देशभक्ति पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।कार्यक्रम का सफल संचालन संतोष ठाकुर, नरेश नागवंशी और प्रकाश ध्रुव ने किया। इस अवसर पर गोंड समाज साजा ब्लॉक के तहसील अध्यक्ष बलकरण ध्रुव, सचिव पुनीत मंडावी, संरक्षक रामरतन मंडावी सहित महिला प्रभाग से हेमलता मंडावी, खेमलता ध्रुव, बेला मंडावी, उतरना ध्रुव एवं बड़ी संख्या में समाज प्रमुख व ग्रामीण उपस्थित थे।

# जमात मंदिर में वैष्णव समाज की बैठक में वैष्णव भवन निर्माण पर हुआ विमर्श



हरिभूमि न्यूज ▸▸| थानखम्हरिया

स्थानीय जमात मंदिर में वैष्णव समाज की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन श्रद्धा, एकता और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। बैठक का उद्देश्य बेमेतरा में प्रस्तावित वैष्णव भवन निर्माण से संबंधित गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा करना एवं समाज के सभी मंडलों से सहयोग सुनिश्चित करना रहा। बैठक में मुख्य रूप से बसंत बिहारी दास (महंत, जमात मंदिर) राम कुमार दास (अध्यक्ष, वैष्णव समाज—धौराभांठा), महंत सतीश कुमार वैष्णव (श्यामपुर कांपा, थान खमरिया मंडल) सहित योगेश वैष्णव, सुखराम वैष्णव, भुजगेन्द्र वैष्णव एवं विभिन्न मंडलों से वैष्णव जन उपस्थित रहे।

- 23 जनवरी को अधिकाधिक उपस्थिति की अपील

इस अवसर पर वक्ताओं ने वैष्णव भवन को समाज की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बताते हुए इसके शीघ्र निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में समाजजनों ने स्वेच्छा से सहयोग राशि प्रदान कर निर्माण कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। अंत में समाज के पदाधिकारियों ने आगामी 23 जनवरी 2026, शुक्रवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर वैष्णव समाज की एकता और शक्ति का परिचय देने की अपील की। बैठक का समापन सामूहिक प्रार्थना एवं समाज की प्रगति के संकल्प के साथ किया।

# सिंघौरी स्कूल में हर्षोल्लास से मना राष्ट्रीय युवा दिवस



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल सिंघौरी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। पूरे देश भर में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। यह दिन महान विचारक, दार्शनिक और युवा प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य युवाओं में आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करना है। इस अवसर पर विद्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपने विचारों को शब्दों और रंगों के माध्यम से बहुत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद के विचारों, युवाओं की भूमिका तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने देशभक्ति, युवा शक्ति और प्रेरणादायक संदेशों को रंगों के माध्यम से उकेरा।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास में सार्थक रहा आयोजन

इस प्रकार राष्ट्रीय युवा दिवस का बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनमें सकारात्मक सोच के विकास की दिशा में एक सार्थक प्रयास रहा। प्रतियोगिता में झरना, नमिता, पायल,रवेंद्र, मयंक,रोशन, चोकेन्द्र, टिकेश्वरी, ललिता, उपासना एंव मंदाकिनी शामिल रहे।इस दौरान स्कूल के सभी शिक्षकों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान संस्था प्रमुख सरस्वती साहू सहित धनीराम बंजारे संकुल समन्वयक, शशिकला यादव, देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल, किरण खरे व पूनम कुमार साहू उपस्थित रहे।

# बीजेपी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने शुरू किया जमीनी संगठन निर्माण अभियान



बेमेतरा। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नव नियुक्त जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने शुक्रवार को देवकर क्षेत्र के एक महिला किसान के कोठार में अत्यंत सादगीपूर्ण किंतु ऐतिहासिक संगठनात्मक बैठक लेकर यह स्पष्ट कर दिया कि महिला मोर्चा अब मंचों से निकलकर खेत-खलिहानों और घर-आंगनों तक पहुंचेगा कोठार में बैठी दर्जनों ग्रामीण महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था,परपोड़ी मंडल अध्यक्ष विनिता अग्रवाल की उपस्थिति में महिलाओं ने खुलकर अपनी समस्याएं, आकांक्षाएं और संगठन में दायित्व निभाने की इच्छा व्यक्त की। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि महिला मोर्चा को अब केवल कार्यक्रमों की शोभा नहीं, बल्कि भाजपा की शक्ति बनना होगा,हम हर विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय महिलाओं की सूची तैयार कर रहे हैं ताकि संगठन को जमीन से मजबूत किया जा सके उन्होंने बताया कि वे स्वयं जिले भर की महिलाओं से सीधे संपर्क कर रही हैं और साजा विधायक ईश्वर साहू, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, जिले के अभिभावक मंत्री दयालदास बघेल, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू एवं संगठन प्रभारियों से समन्वय कर मंडल एवं जिला महिला मोर्चा की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, प्रज्ञा निर्वाणी ने उपस्थित महिलाओं से भावनात्मक अपील करते हुए कहा संगठन को सबसे ज्यादा जरूरत अगर किसी चीज़ की है तो वह है आपका समय,आप जितना अधिक समय महिला मोर्चा को देंगी, भाजपा उतनी ही मजबूत बनेगी,आपकी उपस्थिति खानापूर्ति नहीं, बल्कि हर स्तर पर शक्ति-प्रदर्शन होनी चाहिए।

हेम चंदयादव विश्वविद्यालय दुर्ग की छात्रा शिवानी साहू ने कहा कि प्रज्ञा दीदी पहली नेता हैं जो गांव की महिलाओं के बीच आकर, बीच बैठकर बात कर रही हैं, इससे हमें लग रहा है कि भाजपा में महिलाओं की आवाज अब अधिक और गंभीरता से सुनी जा रही है, मंडल अध्यक्ष विनीता अग्रवाल ने कहा महिला मोर्चा अब केवल नाम का संगठन नहीं रहेगा, प्रज्ञा निर्वाणी के नेतृत्व में गांव-गांव की महिलाओं को राजनीति से जोड़ा जा रहा है, यह महिला सशक्तिकरण का वास्तविक मॉडल है। बैठक के अंत में महिलाओं ने एक स्वर में महिला मोर्चा को मजबूत बनाने और भाजपा के कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया,यह बैठक देवकर ही नहीं, पूरे जिले में महिला राजनीतिक चेतना के नए अध्याय की शुरुआत मानी जा रही है।

**ये रहीं उपस्थित:** बैठक में विनीता अग्रवाल मंडल अध्यक्ष मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी जैन, पार्वती जंघेल, सोसायटी अध्यक्ष नंदनी पटेल, शारदा गोस्वामी, सरिता जैन व मधु राजपूत सहित बड़ी संख्या में महिलाए उपस्थित रहीं।

# अखण्ड नवधा रामायण 14 से

**बेमेतरा/नारायणपुर।** अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा की वार्षिकोत्सव के अवसर पर ग्राम पंचायत नारायणपुर में 63वें वर्ष के रूप में श्री अखण्ड नवधा रामायण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जहां कार्यक्रम का शुभारंभ 14 जनवरी दिन बुधवार को आराधना, हवन पूजन एवं संस्थापना के साथ शुरू होगा, इसके बाद 22 जनवरी गुरुवार एवं 23 जनवरी शुक्रवार को रामकथा का विशेष आयोजन कर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस धार्मिक अनुष्ठान में आचार्य के रूप में पं. श्री सूरज महाराज टेमरी वाले की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी, कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए ग्राम के समस्त नागरिक सक्रिय रूप से कार्य में जुटे हुए हैं। समारोह के तहत 22 जनवरी को भव्य कलश जलयात्रा एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा के साथ भाग लेंगे। वही आयोजन स्थल पर रामायण मंडली के लिए भंडारे की भी व्यवस्था की गई है, जिसकी जिम्मेदारी समिति द्वारा गठित टीम को सौंपी गई है। मंच एवं साउंड व्यवस्था को भी आकर्षक रूप दिया जा रहा है, ताकि रामकथा का श्रवण करने आए भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित करें और इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाएं।

# झांकी जोगीधाम मड़ई मेला में कल जुटेगा झेरिया यादव समाज

**बेमेतरा।** नवागढ़ राज द्वारा गुरुवार को झांकी जोगीधाम में जिला स्तरीय छत्तीसगढ़ झेरिया यादव सम्मेलन एवं भव्य मड़ई मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस गरिमामय आयोजन में जिले भर से समाज के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्वजातीय जन शामिल होंगे। कार्यक्रम को दो चरणों में विभाजित किया गया है, जिसमें सामाजिक विकास और सांस्कृतिक परंपराओं का संगम देखने को मिलेगा। प्रथम चरणः सामाजिक चिंतन और सम्मान कार्यक्रम के पहले चरण में सामाजिक सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें समाज की वर्तमान व्यवस्था, सामाजिक संविधान, शिक्षा, राजनीति और आर्थिक सशक्तीकरण जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। साथ ही, सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों का सम्मान किया जाएगा। इस सत्र के मुख्य अतिथि झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव होंगे। अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष भगत यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव सुंदर यादव, राजनीतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजू यादव सहित समाज के विभिन्न पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। द्वितीय चरणः मड़ई मेला और भव्य आयोजन दूसरे चरण में पारंपरिक मड़ई मेले का आयोजन होगा। इस सत्र के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष युराज सिंह ठाकुर करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में दशरीत सियाराम ध्रुव, सोम, लालन, राजकुमार सहित क्षेत्र के सरपंच एवं पार्षदगण मौजूद रहेंगे।

# प्राणियों को कर्मों के अनुसार परिणाम भुगतना पड़ता है: आचार्य बिरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



अकलवारा में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण के अंतिम दिन आचार्य बिरेंद्र चतुर्वेदी ने गीता का ज्ञान दिया और बताया की मानव जीवन कर्मभूमि है। सभी को अपने कर्मों के अनुसार परिणाम भुगतना पड़ता है। अतएव सभी प्राणी को अपने कर्म सोच समझकर करना चाहिए। जिस प्रकार हजारों गायों के बीच बछड़ा अपनी मां को ढूंढ लेता है। ठीक उसी प्रकार कर्म भी अपने कर्ता को ढूंढ लेता है। गीता में कर्म की महिमा बताई गई है। जो जैसा कर्म करता है उसका फल अवश्य ही उसे मिलता है। गीता के रोजाना पाठ से मानव की मुक्ति हो जाती है। उसे मोक्ष प्राप्ति होती है। इसलिए सभी को गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए।

- तुलसी वर्षा के बाद भव्य शोभा यात्रा के साथ श्रीमद भागवत महापुराण का समापन

अंत में ओम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र उच्चारण के साथ तुलसी वर्षा कराई गई। इसी के साथ आचार्य बिरेंद्र चतुर्वेदी ने अपनी वाणी को विराम दिया। संध्या काल में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। समस्त ग्रामवासी भक्तगण अपने घर के द्वार पर रंगोली सजाकर, पाटा रखकर श्रीमदभागवत महापुराण तथा बाल गोपाल की पूजा की। गोपाल जी को सत्येंद्र मिश्रा ने तथा श्रीमदभागवत महापुराण को उनकी धर्मपत्नी किरण मिश्रा ने सिर में धारण कर ग्राम भ्रमण किया। यात्रा भागवत स्थल से प्रारंभ होकर समस्त ग्रामवासी भक्तगणों के द्वार पर पहुंची। जहां पर भक्तों ने गोपाल जी एवं भागवत महापुराण की दिव्य पूजा आरती की। साथ ही अन्न तथा वस्त्रदान भी किये। रात्रि 9:00 तक शोभा यात्रा मिश्रा परिवार के घर पर कुछ विश्राम के बाद पुनः बाजे और नृत्य के साथ श्रीमद भागवत महापुराण और गोपाल जी को थलज कुमार साहू के घर जहां आचार्य चतुर्वेदी जी विश्राम करते थे। वहां पर जाकर समाप्त हुई।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच 11 फरवरी, 18 मार्च
08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411




By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मार्च 2026
11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशि: स्लीपर-20500/- ऑफर 18,501/-, 3AC-29,501/- ऑफर 28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)